# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 30.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा जबरन वसूली के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रसान्त कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 55/2025 धारा 137(2), 308(5) बीएनएस में वाछिंत अभियुक्त को थानाक्षेत्र के ग्राम धनखरपुर-भानपुर मस्जिदिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

**01.अब्दुल अलीम उर्फ हलीम पुत्र हैदर अली निवासी भिटौरा थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**02.आरक्षी रोशन राय, सूरज यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**प्रेस नोट दिनांक 30.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 28.05.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जिसमें कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 04 भूमि-विवाद तथा 05 मारपीट व 06 अन्य प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

**प्रेस नोट- दिनांक 30.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना बांसी पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन मे व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के पर्यवेक्षण एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी के नेतृत्व में आज दिनांक 30.05.2025 को थाना बांसी पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी का अधिपत्र वावाद संख्या 432/09 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भा0द0वि0 में वारण्टी संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु उक्त गिरफ्तार वारण्टी को माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

**01.संतोष कुमार पुत्र महातम प्रसाद निवासी बसन्तपुर थाना को0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 रामाज्ञा प्रसाद थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.हे0का0 सुरेन्द्र यादव थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

प्रेस नोट- दिनांक 30.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थानाध्यक्ष कठेला समय माता द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान व संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ थाना परिसर पर पीस कमेटी की गोष्ठी कर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की गयी ।

.पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष कठेला समय माता शेषनाथ यादव द्वारा आज दिनांक 30.05.2025 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार, बकरीद के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न ग्रामो के धर्मगुरुओ, मौलवियों ,ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहार में कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यो की बैठक की गयी/ सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी । बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया । सभी धर्मगुरुओं व कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया । शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया ।

**प्रेस नोट दिनांक 30.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा 04 बोरी चावल व 04 बोरी धान का बीज को अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में बरामद कर कस्टम कार्यालय खुनुवां भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व सुजीत राय क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक शोहतगढ़ के नेतृत्व में आज दिनांक 30.05.2025 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा 04 बोरी चावल व 04 बोरी धान का बीज को व 01 अदद साइकिल चेकिंग के दौरान आयुर्वेदिक अस्पताल से हड़ियहवा बाजार रोड के पास से बरामद किया गया, तस्कर सामान छोड़कर नेपाल की तरफ भाग गये। बरामद चावल व धान बीज को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय खुनुवां भेजा गया।**